Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 5:22 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 6:29 बजे

सांध्य दैनिक
उत्तरांचल दीप

हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 126 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 6 नवंबर 2026

सबके हाथ सच के साथ



News कॉर्नर

दिवाली पर इलेक्ट्रॉनिक बाजार में लौटी रौनक


हल्द्वानी। दिवाली में हल्द्वानी के इलेक्ट्रॉनिक बाजार में अच्छी रौनक देखने को मिल रही है। टीवी, फ्रीज, ओवन, मोबाइल और एलईडी लाइट की दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बनी हुई है। विक्रेताओं का कहना है कि ग्राहक समझदारी से खरीदारी कर रहे हैं। कई ग्राहक छोटा मॉडल चुनकर या ईएमआई का सहारा लेकर अपने घर के लिए नया सामान ले जा रहे हैं। कच्चे माल और परिवहन की लागत बढ़ने से टीवी, फ्रीज, एसी और गीजर के दाम तीन से सात फीसदी तक बढ़े हैं। इसके बावजूद बाजार में खरीदारी का उत्साह बरकरार है।

विरोध करने एयरपोर्ट जा रहे थे कांग्रेसी, पुलिस ने हिरासत में लिया

देहरादून। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के देहरादून दौरे से पहले कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन का एलान किया था। इसी के तहत एयरपोर्ट की ओर बढ़ रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। वहीं, अमित शाह की जनसभा में शामिल होने के लिए परेड ग्राउंड में कार्यकर्ताओं और लोगों की भीड़ जुटी। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार परवादून कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल के नेतृत्व में कांग्रेसी जौलीग्रांट मुख्य मार्ग से होते हुए देहरादून एयरपोर्ट की ओर बढ़े। कांग्रेस ने एक दिन पहले ही अमित शाह को काले झंडे दिखाकर विरोध करने की चेतावनी दी थी। कांग्रेसियों ने हाथों में काले गुब्बारे लेकर नारेबाजी की। इस दौरान कांग्रेसियों और पुलिस के बीच नोकझोंक भी हुई। इसके बाद पुलिस ने जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल सहित कई कांग्रेसियों को बस में बैठाकर हिरासत में ले लिया। कांग्रेसियों का आरोप है कि दिल्ली के राजघाट पर अंकिता भंडारी के माता-पिता को पुलिस जबरन उठाकर ले गई है। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

धरतेरस आज: स्वास्थ्य और जीवन के महत्व की भी याद दिलाता है यह पर्व

हल्द्वानी
कार्यालय संवाददाता



आज 6 नवंबर 2026, शुक्रवार को धनतेरस का पर्व मनाया जा रहा है। हल्द्वानी समेत प्रदेशभर में धनतेरस को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। हल्द्वानी बाजार में सुबह से ही ज्वेलरी, बर्तन और अन्य दुकानों पर भी खरीददारों के लिए काफी भीड़ लगी रही। यह त्योहार कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना करने का विशेष महत्व है। साथ ही, सोने-चांदी के आभूषण, बर्तन और सुख-सुविधाओं से जुड़ी नई वस्तुएं खरीदने की परंपरा है। धनतेरस केवल धन की पूजा का अवसर नहीं है। यह पर्व हमें स्वास्थ्य और जीवन के महत्व की भी याद दिलाता है। भगवान धन्वंतरि का संबंध आयुर्वेद से होने के कारण इस दिन आरोग्य की कामना की जाती है। इसलिए धनतेरस पर धन-संपत्ति के साथ-साथ अपने और परिवार के स्वास्थ्य को भी प्राथमिकता देने का संकल्प लेना चाहिए। धनतेरस 2026 पर भगवान धन्वंतरि की पूजा करके परिवार की सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करें। पौराणिक कथाओं के अनुसार, एक समय देवताओं और असुरों के बीच अमृत प्राप्त करने के लिए समुद्र मंथन करने का निर्णय हुआ। समुद्र मंथन के दौरान भगवान धन्वंतरि अपने हाथों में अमृत से भरा कलश लेकर प्रकट हुए। उन्हें भगवान विष्णु का अंशावतार और आयुर्वेद का प्रवर्तक माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, भगवान धन्वंतरि के प्राकट्य की स्मृति में कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को धनतेरस का पर्व मनाया जाता है।

शुभ मुहूर्त

- सुबह 7:54 से 9:17 बजे तक- लाभ चौघड़िया।
- सुबह 9:16 से 10:38 बजे तक- अमृत चौघड़िया।
- दोपहर 12:00 से 12:45 बजे तक-अभिजीत मुहूर्त।
- दोपहर 4:11 से शाम 5:33 बजे तक- चर चौघड़िया।
- शाम 6:03 से 7:19 बजे तक- शुभ समय।
- रात 8:49 से 10:27 बजे तक- लाभ मुहूर्त।

गृह मंत्री के दौरे से पहले सीमा पर पुलिस का पहरा

जनसभा: केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पहुंचे देहरादून

देहरादून
हमारे संवाददाता

गृहमंत्री शाह आज परेड ग्राउंड स्थित कार्यक्रम स्थल में राज्योत्सव समारोह में शिरकत करेंगे। करीब दो घंटे वह इस कार्यक्रम का हिस्सा रहेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की 26वीं वर्षगांठ के कार्यक्रम में शामिल होने देहरादून पहुंच गए हैं।

जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद अमित शाह हेलिकॉप्टर से देहरादून के लिए रवाना हुए। वह परेड ग्राउंड में आयोजित राज्योत्सव समारोह में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद पुलिस लाइन रेसकोर्स में आयोजित समारोह में उत्तराखंड पुलिस को राष्ट्रपति पुलिस कलर प्रदान करेंगे। जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर अमित शाह का स्वागत करने वालों में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कुसुम कंडवाल, संजय नेगी, आदेश सैनी, विशाल डाबर, डॉ. देवेंद्र भसीन, चारु माथुर कोठारी, आदित्य कोठारी, संपूर्ण सिंह रावत और बलजीत सोनी सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

राज्योत्सव से पुलिस लाइन तक दो बड़े आयोजन



हिरासत में लिए 10 संदिग्ध

गृहमंत्री अमित शाह के प्रस्तावित दौरे और त्योहारी सीजन को देखते हुए विकासनगर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। क्षेत्र की सीमाओं पर स्थित कुल्हाल, डाकपत्थर और दर्शनीट चेकपोस्ट पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने मुख्य मार्गों, चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर बैरियर लगाकर दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच की। अभियान के दौरान पांच दर्जन से अधिक वाहनों के चालान किए गए, जबकि पांच वाहनों को सीज किया गया। कोतवाली पुलिस ने वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस और जरूरी दस्तावेजों की जांच के साथ संदिग्ध व्यक्तियों से भी पूछताछ की। 15 वाहनों के कोर्ट चालान किए गए और 20 हजार रुपये संयोजन शुल्क वसूला गया। वहीं 10 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

उत्तराखंड: दीपावली से पहले 9.99 लाख पेंशनधारकों को तोहफा, खातों में पहुंचे 148.18 करोड़ रुपये

देहरादून
हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार समाज के कमजोर, वंचित और जरूरतमंद वर्गों के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तीकरण के लिए लगातार काम कर रही है। वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांग पेंशन सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पात्र लोगों को आर्थिक सहायता दी जा रही है।

दीपावली से पहले उत्तराखंड के करीब 10 लाख पेंशनधारकों को सरकार ने बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कैंप कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग की विभिन्न पेंशन योजनाओं के 9,99,484 लाभार्थियों के खातों में अक्तूबर महीने की 148.18 करोड़ रुपये की पेंशन डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार समाज के कमजोर, वंचित और जरूरतमंद वर्गों के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तीकरण के लिए लगातार काम कर रही है। वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांग पेंशन सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पात्र लोगों को आर्थिक सहायता दी जा रही है। सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को पारदर्शी तरीके से समय पर लाभ मिले। उन्होंने कहा कि पेंशन योजनाएं जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक संबल देने के साथ सम्मानजनक जीवन जीने में मदद करती हैं। धामी ने बताया कि वृद्धावस्था और दिव्यांगता के कारण कई लाभार्थियों को पेंशन के दस्तावेज तैयार कराने और औपचारिकताएं पूरी करने में परेशानी होती थी। इस समस्या के समाधान के लिए केंद्र सरकार के समन्वय से करीब सात हजार लाभार्थियों को विशेष प्रावधानों के तहत आधार के अभाव में भी पेंशन दी जा रही है। कार्यक्रम में बताया गया कि अक्तूबर 2026 में वृद्धावस्था पेंशन के 6,24,616 लाभार्थियों को 93.69 करोड़ रुपये, विधवा पेंशन के 2,39,527 लाभार्थियों को 35.93 करोड़ और दिव्यांग पेंशन के 89,971 लाभार्थियों को 13.50 करोड़ रुपये दिए गए। इसके अलावा किसान पेंशन के 27,092, परित्यक्ता पेंशन के 8,442, भरण-पोषण अनुदान के 7,461, तीलू रौतेली पेंशन के 2,248 और बौना पेंशन के 127 लाभार्थियों को भी धनराशि हस्तांतरित की गई।

गवाही देने की कीमत मौत की धमकी, जेल से छूटने के बाद आरोपी का आतंक

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

दुष्कर्म के मुकदमे में गवाही देने की तैयारी कर रही महिला पर आरोपी का कथित दबाव और धमकियां अब उसके पूरे परिवार की सुरक्षा के लिए चिंता का कारण बन गई हैं। आरोप है कि जेल से छूटने के बाद आरोपी ने फोन कॉल और सोशल मीडिया के जरिए महिला को लगातार परेशान करना शुरू कर दिया।

गवाही देने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी मिलने के मामले में बनभूलपुरा कोतवाली पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बनभूलपुरा क्षेत्र निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वर्ष 2024 में उसकी पहचान मुरादाबाद के भोजपुर थाना क्षेत्र निवासी मुनेश सैनी से हुई थी। आरोप है कि एक जून 2026 को मुनेश उसे मुरादाबाद के एक होटल में ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला की शिकायत पर भोजपुर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। महिला का आरोप है कि 24 जुलाई को जेल से रिहा होने के बाद आरोपी ने फेसबुक की अलग-अलग आईडी और फोन कॉल के जरिए उसे धमकाना शुरू कर दिया। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई और परिवार को सुरक्षा देने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खनायत धड़ा में सुरेश भट्ट ने किया जनसंपर्क, हैट्रिक बनाने की अपील

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता



कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र के खनायत धड़ा (बैलपड़ाव) में दायित्वधारी सुरेश भट्ट ने जनसंपर्क अभियान चलाकर स्थानीय लोगों से संवाद किया।

इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना और केंद्र तथा प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को जनता के समक्ष रखा। सुरेश भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य सरकार लगातार विकास और जनकल्याण के लिए कार्य कर रही हैं। सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।उन्होंने आगामी वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर लोगों से संवाद करते हुए प्रदेश में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग और विश्वास से भाजपा प्रदेश में एक बार फिर सरकार बनाकर जीत की हैट्रिक लगाएगी।

इस दौरान स्थानीय लोगों एवं कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र के विकास और आगामी चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में तारा सिंह खनायत, गोविंद सिंह खनायत,जीत सिंह खनायत, पारस बेलवाल,पूरन सिंह खनायत, रमेश नाथ गोस्वामी,दीपक तिवारी लोकेश आर्य, रेखा गोस्वामी, लता खनायत, उषा खनायत,हेमा जोशी, पारस बेलवाल हेमा गोस्वामी मौजूद रहे।

बच्चों से मारपीट एवं धरना प्रदर्शन प्रकरण पर बाल संरक्षण अधिकार आयोग की नजर

बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण एवं सुरक्षित वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता: रजवार

नैनीताल

हमारे संवाददाता



बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा एवं अधिकारों के संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध बाल संरक्षण अधिकार आयोग उत्तराखंड ने भीमताल विधानसभा के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र ओखलकांडा बलाक स्थित राजकीय इंटर कॉलेज डालकन्या भोलापुर में विगत दिवस बच्चों के साथ मारपीट एवं धरना प्रदर्शन से संबंधित प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों पर प्रसारित वीडियो एवं खबरों का गंभीरता से संज्ञान लिया है साथ ही आयोग को प्राप्त विभिन्न शिकायत पत्रों एवं टेलीफोनिक शिकायतों के संबंध में भी मामले की गंभीरता को देखते हुए आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की गई है।

इसी क्रम में बाल संरक्षण अधिकार आयोग उत्तराखंड के सदस्य योगेश सिंह रजवार की अध्यक्षता में विद्यालय परिसर में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक से पूर्व विद्यालय भवन का निरीक्षण कर वहां की शैक्षणिक एवं भौतिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा विद्यार्थियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं एवं विद्यालय में मौजूदा सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की गई।बैठक में विगत दिनों विद्यालय में घटित घटनाक्रम व बच्चों के साथ कथित मारपीटए धरना.प्रदर्शन तथा विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण पर पडने वाले प्रभावों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान शिक्षा विभाग के नोडल अधिकारियों, बाल कल्याण समिति नैनीताल, जिला प्रोबेशन अधिकारी नैनीताल के प्रतिनिधि व बाल कल्याण पुलिस इकाई नैनीतालए एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग पुलिस टीम नैनीताल, चाइल्ड हेल्पलाइन कोऑर्डिनेटर नैनीताल, खन्स्यू थाना पुलिस, विद्यालय प्रबंधनए प्रधानाचार्य एवं संबंधित शिक्षकों के साथ विचार.विमर्श किया गया।

सदस्य योगेश सिंह रजवार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए शिक्षा विभाग को नोडल विभाग नामित करते हुए सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रकरण की निष्पक्ष व पारदर्शी एवं विस्तृत जांच कर आगामी 10 दिवस के भीतर आयोग को जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। जांच समिति में खंड शिक्षा अधिकारी ओखलकांडा श्रीमती सोहलिता नेगी, खंड शिक्षा अधिकारी भीमताल श्रीमती कैना चौहान एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को शामिल किया गया है।रजवार ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जांच के दौरान किसी भी प्रकार की कोताही अथवा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित पक्षों के बयान एवं मौजूद साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए ताकि वास्तविक तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जांच के दौरान बच्चों के हितों को सर्वोपरि रखा जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी परिस्थिति में उनकी शिक्षा एवं मानसिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात तथ्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई एवं बच्चों के हित में उचित निर्णय लिया जाएगा।

उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में शिक्षा विभाग, बाल कल्याण समिति नैनीताल जिला प्रोबेशन अधिकारी नैनीताल के प्रतिनिधि, बाल कल्याण पुलिस इकाई नैनीताल, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग पुलिस टीम नैनीताल व चाइल्ड हेल्पलाइन कोऑर्डिनेटर नैनीतालए खन्स्यू थाना पुलिस, विद्यालय प्रबंधन व प्रधानाचार्य एवं संबंधित शिक्षक उपस्थित रहे।



रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया मदर्स हार्ट स्कूल का वार्षिकोत्सव

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के मदर्स हार्ट स्कूल का वार्षिकोत्सव वीरवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने धार्मिक भक्ति गीत तथा लोक गीत और फिल्मी गीतों के साथ दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

समारोह के मुखय अतिथि भाजपा नेता मोहित आर्या ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया था। शैले हाल में आयोजित समारोह में विद्यार्थियों ने शिव भक्ति भजन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद कुमाउनी और गढ़वाली लोक गीत और नृत्य की धूम रही। तत्पश्चात पंजाबीए आसामीए गुजराती और बंगाली लोक गीतों पर बच्चों ने नृत्य किया। इस बीच कविता पाठ भी आयोजित किया गयाए जबकि नृत्य नाटिका की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्र मुग्ध किया।

संचालन अलीमा परवेज ने किया। प्रधानाचार्य नगमा परवेज ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की इस अवसर पर मो. परवेज, रेहान परवेज, सय्यद इलाही, नीमा, हेमलता व साहिल समेत विद्यार्थी और अभिभावक मौजूद थे।

तल्लीताल बाजार में खाद्य सुरक्षा विभाग ने लिए दो जगहों से सैंपल

नैनीताल

हमारे संवाददाता

दीपावली पर्व को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने बाजारों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और सुरक्षा को लेकर निरीक्षण अभियान शुरू कर दिया है।

जिलाधिकारी और खाद्य सुरक्षा विभाग के निर्देश पर अधिकारियों की टीम ने बीरवार को नैनीताल की बाजारों में पहुंचकर दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन मिलने पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की गयी। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय सिंह ने बताया कि अभियान के तहत तल्लीताल बाजार में निरीक्षण किया गया। इस दौरान दो दुकानों से खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए जबकि एक दुकान पर अनियमितता पाई गई।उन्होंने बताया कि अब तल्लीताल के बाद मल्लीताल बाजार में भी निरीक्षण अभियान शुरू किया जाएगा।अभय सिंह ने कहा कि अभियान के दौरान यह देखा जाएगा कि दुकानदार खाद्य सुरक्षा से जुड़े सभी नियमों का पालन कर रहे हैं या नहीं।निरीक्षण में किसी भी तरह की लापरवाही या नियमों का उल्लंघन मिलने पर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



NEWS / फटाफट

राज्य आंदोलनकारी लच्छू लोहनी के निधन पर शोक की लहर



नैनीताल । राज्य आंदोलनकारी पांडित लक्ष्मी नरायण लोहनी (लच्छू लोहनी) का निधन हो गया। उनकी चित्रशिला घाट रानीबाग में अंत्येष्टि की गई। इनके निधन पर आन्दोलनकारी संगठन सहित नैनीताल सहित समूचे ग्रामीण क्षेत्र में शोक की लहर छा गई है। बता दें नैनीताल डिग्री कालेज छात्र राजनिति में अपने सिद्धांत के कारण हमेशा सुर्खियों में रहने वाले लच्छू लोहनी छात्र जीवन से ही उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन में सक्रीय रुप से जुड़ गए थे, बेहद मिलनसार होने के कारण पूरे नैनीताल शहर काफी लोकप्रिय थे । इनके निधन होने पर पूर्व विधायक डा नारायण सिंह जन्तवाल, भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय प्रधानाचार्य बी.एस महेता, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष डा. मनोज सिंह बिष्ट, प्रकाश आर्य, इन्द्र सिंह नेगी, पान सिंह सिजवाली, जिला जिला अध्यक्ष गणेश सिंह बिष्ट ,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनोज जोशी समेत शाकिर अली, डॉ0 प्रकाश पांडे, कंचन चंदोला, ललित जोशी, हरेन्द्र बिष्ट, दीवान सिंह, सज्जन साह, मनोज साह,चन्द्र प्रकाश साह, भुवन रावत, नगर पालिका सभासद सुरेन्द्र कुमार,कुमाऊँ विवि शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी आदि शोक व्यक्त करते हुए उत्तराखण्ड सहित अध्यात्म के क्षेत्र में अपूर्ण क्षति बताया।

कूटा ने लक्ष्मण दास के निधन पर जताया शोक

नैनीताल । कुमाऊं विश्वविधालय शिक्षक संघ (कूटा) ने सीआरएसटी ओल्ड बॉयज एसोसिएशन के पूर्व संयुक्त सचिव लक्ष्मण दास(90) के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। कूटा अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी समेत कूटा परिवार सहित सहित सी आरएसटी ओल्ड बॉयस के कैप्टेन एल. एम. पाह, अध्यक्ष जगदीश चंद्र बवाड़ी, महासचीव डॉ. मनोज सिंह बिष्ट, उपाध्यक्ष खीम राज बिष्ट तथा शैलेन्द बरगली तथा धर्मेंद्र शर्मा आदि ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रकृति प्रेमी गुरुरानी ने किया पौधरोपण



नैनीताल । उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान 842वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 842वें दिन पलेटा स्थित धूसाखान शिव मंदिर परिसर में पौधारोपण किया। पौधारोपण अभियान में मंदिर के प्रमुख पुजारी मोहन चंद्र ओली, उमेश कापड़ी तथा धीरज पानू उपस्थित रहे। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

विवि के प्राध्यापकों ने किया कुलपति प्रो.बिष्ट का स्वागत



नैनीताल । कुमाऊं विश्वविधालय शिक्षक संघ (कूटा) ने शुक्रवार को विवि के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट से मुलाकात कर उन्हें दीपावली की शुभ कामनाएं दी। इस दौरान कूटा ने कुलपति प्रो.बिष्ट को शॉल ओढाकर तथा पुष्प गुच्छ भेंटकर उन्हें सममानित किया । इस अवसर पर तेजपत्ता का पौधा भी भेंट किया गया तथा मिष्ठान वितरण हुआ । कूटा ने सभी को दिवाली की बधाई दी। इस अवसर पर प्रो. ललित तिवारी समेत डॉ युगल जोशी, डॉ शिवांगी, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. कुबेर सिंह गिनती तथा डॉ मोहित ि सिंह रौतेला व डॉ हिरदेश कुमार मौजूद रहे।

स्कूटी में लिफ्ट लेकर किशोरी से की छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

नैनीताल

हमारे संवाददाता

मुकदमा

- सुनसान जंगल क्षेत्र में की अश्लील हरकतें

नैनीताल-कालाढुंगी मोटर मार्ग में मंगोली चौकी क्षेत्र में स्कूटी सवार 17 वर्षीय किशोरी से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव के ही एक 36 वर्षीय युवक ने पहले किशोरी से लिफ्ट ली और रास्ते में सुनसान जंगल क्षेत्र में उसके साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। किशोरी के विरोध करने पर भी आरोपी नहीं रुका तो उसने स्कूटी गिराकर किसी तरह मौके से भागकर अपनी जान बचाई। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पाकसो समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक मंगोली चौकी क्षेत्र निवासी महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि बुधवार शाम उनकी 17 वर्षीय बेटी स्कूटी से बाजार गई थी। वापस लौटते समय गांव के ही 36 वर्षीय हरीश चंद्र पांडे ने उससे लिफ्ट मांगी। गांव का परिचित होने के कारण किशोरी ने उसे स्कूटी पर बैठा लिया। आरोप है कि कुछ दूर आगे सुनसान जंगल क्षेत्र में पहुंचने पर युवक ने किशोरी की कमर और सीने पर हाथ लगाकर छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने के बावजूद आरोपी की हरकतें जारी रहीं तो किशोरी ने स्कूटी गिरा दी और किसी तरह वहां से भाग निकली। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी हरीश चंद्र पांडे के खिलाफ पाकसो अधिनियम की धारा 6 और 7 तथा बीएनएस की धारा 74 व 351(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे शुक्रवार (आज) को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

काजू के पैकेट पर बैच नंबर नहीं मिला दुकानदार को नोटिस

नैनीताल। दीपावली के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग ने शहर में खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और पैकेजिंग की जांच के लिए अभियान चलाया। इस दौरान मल्लीताल स्थित एक जनरल स्टोर में बिक रहे काजू के पैकेट पर बैच नंबर अंकित नहीं मिला। विभागीय टीम ने दुकान संचालक को नोटिस जारी कर अनियमितता में सुधार के निर्देश दिए। वहीं चार दुकानों से खाद्य सामग्री के नमूने एकत्र किए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय सिंह ने बताया कि टीम ने तल्लीताल स्थित पीपी स्टोर से घी, मयंक प्रोविजन स्टोर से खिलौने और मल्लीताल के सरस्वती मिष्ठान भंडार से रसगुल्ले का नमूना लिया गया। वहीं गर्ग एंड संस में निरीक्षण के दौरान काजू के पैकेट पर बैच नंबर अंकित नहीं मिला। इस पर टीम ने दुकान संचालक को नोटिस देकर पैकेजिंग संबंधी अनियमितता दूर करने के निर्देश दिए।

नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

अभिमत

स्वच्छ वातावरण का अधिकार

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि जो भी नीति हो, वह अखिल भारतीय स्तर पर होनी चाहिए। हम दिल्ली के लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं कर सकते, क्योंकि यहां के लोग देश के सुविधा संपन्न (इलीट) नागरिक हैं। दरअसल त्योहारों का दौर शुरू होने वाला है। हर साल दीपावली पर पटाखों को लेकर सवाल उठाये जाते हैं। इस मामले को सिर्फ दीपावली तक सीमित दृष्टिकोण से नहीं देखा जाना चाहिए। आतिशबाजी से वायु और ध्वनि प्रदूषण पूरे साल किसी न किसी तरह होता रहता है। दीपावली पर पटाखों से आपत्ति संकीर्ण मानसिकता का प्रतीक है।

प्रदूषण विश्वव्यापी समस्या है। पटाखों पर प्रतिबंध के बावजूद प्रदूषण पर नियंत्रण नहीं हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में लगे पटाखों पर प्रतिबंध को देशभर में लागू करने का आदेश दिया। शीर्ष अदालत का कहना है कि सिर्फ दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लोगों को ही नहीं, बल्कि पूरे देश के सभी नागरिकों को प्रदूषण मुक्त स्वच्छ वातावरण में रहने का अधिकार है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि जो भी नीति हो, वह अखिल भारतीय स्तर पर होनी चाहिए। हम दिल्ली के लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं कर सकते, क्योंकि यहां के लोग देश के सुविधा संपन्न (इलीट) नागरिक हैं। दरअसल त्योहारों का दौर शुरू होने वाला है। हर साल दीपावली पर पटाखों को लेकर सवाल उठाये जाते हैं। इस मामले को सिर्फ दीपावली तक सीमित दृष्टिकोण से नहीं देखा जाना चाहिए। आतिशबाजी से वायु और ध्वनि प्रदूषण पूरे साल किसी न किसी तरह होता रहता है। दीपावली पर पटाखों से आपत्ति संकीर्ण मानसिकता का प्रतीक है। विवाह समारोह में आतिशबाजी की होड़ पिछले कुछ वर्षों से शुरू हुई है। चुनाव जीतने, मैच जीतने और यहां तक कि बर्थ डे मनाने पर भी आतिशबाजी की जाती है। आतिशबाजी से वायु प्रदूषण के साथ ही ध्वनि प्रदूषण होता है। गंभीर रूप से बीमार और वृद्ध लोगों की रात में नींद आतिशबाजी के धमाकों से टूट जाती है। कई बार बीमार लोगों की मृत्यु पटाखों की आवाज से हो चुकी है। एक जुलूस में डीजे की तेज आवाज से युवा को दिल का दौरा पड़ा और मृत्यु हो गई। ध्वनि प्रदूषण से रात में विद्यार्थियों की पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न होता है। प्रशासन ने देर रात में बैंड बाजे और डीजे पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिससे ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण किया जा सके। आतिशबाजी के बारे में भी नियम लागू करने की जरूरत है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की स्थिति बहुत खराब है। माई लॉर्ड्स हम सचमुच घुटते हैं, सर्दियों में तो बहुत मुश्किल हो जाती है। मुख्य न्यायाधीश ने दिल्ली के अतिरिक्त अन्य जगह का निजी अनुभव साझा करते हुए कहा कि सर्दी के मौसम में वह अमृतसर में थे। पंजाब में वायु प्रदूषण दिल्ली से भी बदतर है। शीर्ष अदालत ने वायु प्रदूषण प्रबंधन आयोग को विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया। इस संदर्भ में महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि प्रदूषण वर्ग विशेष की समस्या नहीं है।

धर्मशाला का मंत्री कैड़ा ने किया भूमि पूजन एवं शिलान्यास

धारी

हमारे संवाददाता



विधानसभा क्षेत्र भीमताल के धारी ब्लॉक अंतर्गत ग्राम कुलौरी स्थित प्रसिद्ध मौनी बाबा आश्रम के समीप लगभग 44 लाख से प्रस्तावित धर्मशाला निर्माण कार्य का प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने विधिवत भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया।

बता दें मौनी बाबा आश्रम से क्षेत्र के दर्जनों गांवों के लोगों की गहरी धार्मिक आस्था जुड़ी हुई है। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन एवं धार्मिक आयोजनों में शामिल होने पहुंचते हैं। लंबे समय से क्षेत्रवासी आश्रम के समीप श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों की सुविधा के लिए धर्मशाला निर्माण की मांग कर रहे थे। मंत्री राम सिंह कैड़ा ने ग्रामीणों की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए धर्मशाला निर्माण कार्य की पहल की और भूमि पूजन एवं शिलान्यास कर क्षेत्रवासियों के लंबे समय से देखे जा रहे सपने को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया। इस अवसर पर मंत्री कैड़ा ने कहा कि क्षेत्र के धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का संरक्षण और विकास करना तथा पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराना आवश्यक है। धर्मशाला का निर्माण पूर्ण होने के बाद यहां आने वाले श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों को काफी सुविधा मिलेगी मंत्री कैड़ा ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है और जनभावनाओं एवं स्थानीय लोगों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है। धर्मशाला निर्माण कार्य के भूमि पूजन एवं शिलान्यास पर क्षेत्रवासियों ने मंत्री श राम सिंह कैड़ा का आभार व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण सौगात बताया। इस दौरान मौनी महाराज पूर्व ब्लॉक प्रमुख ओखलकांडा कमलेश कैड़ा,प्रकाश प्रधान, हरीश गंगोला, प्रधान पुष्कर सिंह बोहरा, नंदा वल्लभ, प्रधान लक्ष्मी दत्त बेलवाल, महिपाल सिंह, शेखर थूवाल, शेर सिंह, चंदू पनेरु तथा दीवान राम सहित सैंकड़ो लोग मौजूद रहे।

पटाखों की दुकान के लाइसेंस हेतु 45 लोगों ने किया आवेदन

नैनीताल । दीपावली पर आतिशबाजी के कारोबार को लेकर व्यापारियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। नैनीताल समेत भवाली, भीमताल और मुक्तेश्वर क्षेत्र में अस्थायी पटाखा दुकानें संचालित करने के लिए अब तक 45 लोगों ने लाइसेंस के लिए आवेदन किया है। दमकल विभाग की ओर से आवेदनों की जांच के बाद अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

बता दें कि दीपावली के दौरान इन क्षेत्रों में अस्थायी पटाखा दुकानें लगाई जाती हैं। बुधवार को एसडीएम की ओर से केवल लाइसेंस धारकों को ही पटाखों की दुकान संचालित करने की अनुमति देने और बिना लाइसेंस दुकान चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद कारोबारियों ने भी लाइसेंस लेने के लिए आवेदन करना शुरू कर दिया है।प्रभारी अग्निशमन अधिकारी जेपी आर्या ने बताया कि अब तक दमकल विभाग को 45 आवेदन प्राप्त हुए हैं। विभागीय स्तर पर जांच के बाद आवेदकों को अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी कर एसडीएम कार्यालय भेजा जाएगा।

बोट हाउस क्लब के कुछ सदस्यों ने खोला पूर्व प्रबंधन के खिलाफ अनियमितताओं को लेकर मोर्चा

नैनीताल

हमारे संवाददाता



नगर के प्रतिष्ठित बोट हाउस क्लब के पूर्व प्रबंधन के खिलाफ कथित अनियमितताओं को लेकर क्लब के ही कुछ सदस्यों ने मोर्चा खोल दिया है। इस संबंध में सदस्यों ने बीरवार को बोट हाउस कलब में प्रेस वार्ता कर जानकारी दी।

सदस्यों ने कुमाऊं आयुक्त एवं बोट हाउस कलब के अध्यक्ष दीपक रावत को ज्ञापन सौंपकर पूर्व प्रबंधन के कार्यकाल में लिए गए निर्णयों और सदस्यता संबंधी मामलों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि पिछले वर्ष पूर्व प्रबंधन समिति ने अपने कार्यकाल के दौरान मनमाने ढंग से निर्णय लिए। कलब के नियमों की अनदेखी करते हुए सदस्यता संबंधी प्रक्रियाओं में अनियमितताएं की गईं साथ ही निर्धारित शुल्क से कम धनराशि लेकर अपात्र व्यक्तियों को सदस्यता प्रदान करने के गंभीर आरोप भी लगाए गए हैं। सदस्यों का कहना था कि इस तरह की गतिविधियों से कलब की प्रतिष्ठा, पारदर्शिता और पुराने सदस्यों के हित प्रभावित हुए हैं। ज्ञापन के माध्यम से पूर्व प्रबंधन समिति के कार्यकाल में लिए गए निर्णयों और सदस्यता संबंधी मामलों की निष्पक्ष जांच कराने, जांच में दोषी पाए जाने वाले पूर्व पदाधिकारियों और समिति के सदस्यों को भविष्य में कलब के चुनाव में भाग लेने से प्रतिबंधित करने तथा दोषियों को कलब के नियमों के अनुसार बलैकलिस्ट करने की मांग शामिल है।इसके अलावा सदस्यों ने जांच पूरी होने तक चुनाव प्रक्रिया स्थगित रखने और मामले में उचित व कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि कलब का संचालन व्यक्तिगत स्वार्थ के बजाय नियमों, निष्पक्षता और ईमानदारी के आधार पर होना चाहिए। बताया कि कलब की चुनाव प्रक्रिया के लिए नामांकन हो चुके हैं। 6 नवंबर (आज) को नाम वापसी है और 10 से 12 नवंबर तक चुनाव होने हैं। इस दौरान कलब के सदस्य और पूर्व पदाधिकारी पंकज जायसवाल, अशोक अग्रवाल, शादाब अहमद, बलजीत सिंह तथा आईपी सिंह व इंद्र पाल सिंह मौजूद रहे।

फिल्मी दुनिया

सलमान की मच-अवेटेड को महीनों बाद आखिरकार फिल्म के ट्रेलर को मिली मंजूरी



सलमान खान की फिल्म मातृभूमि असल में ईद के मौके पर 17 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी। फिर इस तारीख को आगे बढ़ा दिया गया और उम्मीद थी कि फिल्म अगस्त में सिनेमाघरों में आएगी। लेकिन फिर इसकी रिलीज में अड़चन आ गई। अब फिल्म के ट्रेलर को आखिरकार सीबीएफसी से मंजूरी मिल गई है।

4 नवंबर 2026 को फिल्म के ट्रेलर को सेंसर बोर्ड से हरी झंडी मिली। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रेलर को यू/ए16+ सर्टिफिकेट दिया गया है। इसकी अवधि 4 मिनट 43 सेकंड है। रिपोर्ट के मुताबिक, मेकर्स अब फिल्म की नई रिलीज तारीख पर विचार कर रहे हैं। इसके लिए 20 नवंबर या 11 दिसंबर की तारीख पर चर्चा चल रही है। फिल्म को देशभर में सिनेमाघरों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी जियो स्टूडियोज के पास है। हालांकि, मेकर्स की ओर से नई रिलीज तारीख को लेकर अभी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। सलमान खान की इस फिल्म का एलान पहले बैटल ऑफ गलवान नाम से किया गया था। हालांकि, इस साल फिल्म का नाम बदलकर मातृभूमि में वॉर रेस्ट इन पीस कर दिया गया। फिल्म की कहानी साल 2020 में भारत और चीन के सैनिकों के बीच गलवान घाटी में हुए संघर्ष पर आधारित है।

कर्नल के किरदार में सलमान

- *फिल्म में सलमान खान भारतीय सेना के कर्नल बी. संतोष बाबू का किरदार निभा रहे हैं।*
- *वह 16 बिहार रेजिमेंट के कमांडिंग ऑफिसर थे और साल 2020 में गलवान घाटी में भारतीय सैनिकों का नेतृत्व कर रहे थे।*
- *उनके अदम्य साहस और बलिदान के लिए उन्हें मरणोपरांत महावीर चक्र से सम्मानित किया गया था।*
- *फिल्म में सलमान और चित्रांगदा सिंह के अलावा मुकेश ऋषि, अंकुर भाटिया, ज़ेन शॉ और अभिलाष चौधरी भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।*

कई मायनों में यादगार साबित होगा आज होने वाला युवा महोत्सवःडा.बिष्ट

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिले के भीमताल ब्लॉक सभागार में शुक्रवार (आज) को एक दिवसीय युवा महोत्सव -2026 का भव्य आयोजन होने जा रहा है।

ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने बताया कि यह महोत्सव क्षेत्र के युवाओं की सांस्कृतिक प्रतिभाओं को निखारने का एक सशक्त मंच साबित होगा। महोत्सव को भव्य बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। डा.बिष्ट के मुताबिक महोत्सव का मुखय आकर्षण स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूहों और कृषि व उद्यान विभाग द्वारा लगाए जाने वाले स्टॉल होंगे। कहा कि दीप पर्व दीपावली त्यौहार को देखते हुए महिला समूहों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के उद्देश्य से मोमबत्ती के दीये, पारंपरिक ऐपण व मालाएं और विभिन्न घरेलू खाद्य सामग्रियों के स्टॉल लगाए जाएंगे। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम को अधिक आकर्षक बनाने के लिए देवभूमि उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध लोक गायक जितेंद्र तोकियाल, पुष्कर मेहर और लोक गायिका बबिता देवी अपनी शानदार प्रस्तुतियां देंगे। डा. बिष्ट ने समस्त क्षेत्रवासियों से इस महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।



सांसद भट्ट ने किया कांग्रेस के तथाकथित 'भूमि बचाओ अभियान' पर तीखा प्रहार

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने हल्द्वानी स्थित भाजपा कुमाऊँ संभाग कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस के तथाकथित 'भूमि बचाओ अभियान' पर तीखा प्रहार किया। भट्ट ने कहा कि कांग्रेस का यह अभियान प्रदेश की भूमि और संपत्तियों के संरक्षण की मुहिम नहीं, बल्कि अपनी डूबती राजनीतिक जमीन बचाने की छटपटाहट है। कांग्रेस को भूमि संरक्षण की बात करने से पहले अपने शासनकाल में हुए भूमि आवंटनों और उनसे जुड़े विवादों का जवाब जनता



को देना चाहिए। उन्होंने कहा कि नानीसार में पंचायत को 7.061 हेक्टेयर भूमि महज 1,200 रुपये सालाना किराये पर 30 वर्ष की लीज पर दिए जाने और इसका विरोध करने वाले 381 लोगों पर मुकदमे दर्ज होने का प्रकरण कांग्रेस की कथनी और करनी के अंतर को उजागर करता है। इसी प्रकार धौलास भूमि विवाद, सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं को भूमि आवंटन, टाटा मोटर्स-सिडकुल भूमि आवंटन, नदी तटबंध की भूमि

भाजपा का दृष्टिकोण स्पष्ट है

कहा प्रदेश की सरकारी भूमि सुरक्षित रहे, स्थानीय लोगों के अधिकार संरक्षित रहें, पर्यावरणीय मानकों का पालन हो और निवेश के माध्यम से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा हों। भूमि संरक्षण और विकास एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं।अंत में भट्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार भूमि की सुरक्षा, अवैध कब्जों से मुक्ति, स्थानीय हितों के संरक्षण और रोजगारपरक विकास के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। कांग्रेस को राजनीतिक नारेबाजी के बजाय अपने शासनकाल में नानीसार से धौलास तक उठे भूमि आवंटन संबंधी सवालों का जवाब देना चाहिए। उत्तराखंड की जनता को विरोध की राजनीति नहीं, बल्कि भूमि संरक्षण के साथ रोजगार, निवेश और विकास का स्पष्ट रोडमैप चाहिए।

और एनएच-74 प्रकरण जैसे मामलों में कांग्रेस को अपनी सरकार की भूमिका और जवाबदेही स्पष्ट करनी चाहिए।सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की नीति सरकारी जमीन बेचने की नहीं, बल्कि सरकारी स्वामित्व सुरक्षित रखते हुए उसका सदुपयोग करने की है। अनुपयोगी भूमि को निर्धारित नियमों और शर्तों के तहत लीज पर देकर उद्योग, पर्यटन एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना प्रदेश के विकास और रोजगार सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग 13 हजार एकड़ सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने की कार्रवाई सरकार की इच्छाशक्ति को दर्शाती है। वहीं, 7 हजार बीघा जमीन बेचने के कांग्रेस के आरोपों को भ्रामक बताते हुए उन्होंने कहा कि उपलब्ध सरकारी जानकारी के अनुसार इस संबंध में केवल तीन बोलियां प्राप्त हुई हैं और कोई बोली अंतिम रूप से तय नहीं हुई है। कांग्रेस जानबूझकर लीज और बिक्री के अंतर को छिपाकर जनता को गुमराह कर रही है। भट्ट ने कहा कि धामी सरकार ने सख्त भू-कानून के माध्यम से स्थानीय हितों और प्रदेश की भूमि की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए हैं।

News

कॉर्नर

विस चुनाव-2027 की तैयारी तेज, 38 कार्यों के लिए 164 अफसरों को जिम्मेदारी

हल्द्वानी। विधानसभा चुनाव-2027 को लेकर जिला निर्वाचन प्रशासन ने तैयारियों का खाका खींच दिया है। निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण बनाने के लिए जिले में 38 कार्यों की जिम्मेदारी 56 नोडल और 108 सहायक नोडल अधिकारियों को सौंपी गई है। मतदान से लेकर ईवीएम, सुरक्षा, परिवहन, प्रशिक्षण और चुनावी खर्च की निगरानी तक पूरी व्यवस्था अधिकारियों के जिम्मे रहेगी। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ललित मोहन रयाल ने निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत अधिकारियों की नियुक्ति कर आदेश जारी किए हैं। मतदान कार्मिक प्रबंधन की जिम्मेदारी मुख्य विकास अधिकारी को दी गई है, जबकि प्रशिक्षण व्यवस्था परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास संभालेंगे। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन की जिम्मेदारी अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को सौंपी गई है।

बाजार में पुलिस की तीसरी आंख 233 सीटीवी से करेंगे निगरानी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

बाजारों में भीड़ बढ़ेगी, जेबकतरे और उठाईगीरे सक्रिय हो सकते हैं, ऐसे में पुलिस ने सुरक्षा के लिए अपनी तीसरी आंख खोल दी है। धनतेरस और दीपावली पर शहर के बाजारों से लेकर प्रमुख चौराहों तक 233 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी होगी। ड्रोन भी भीड़भाड़ वाले इलाकों में नजर रखेगा। पुलिस का दावा है कि आधुनिक तकनीक से संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, असली परीक्षा त्योहारों की भीड़ में होगी—कैमरों की नजर अपराधियों तक पहुंचती है या निगरानी सिर्फ स्क्रीन और रिकॉर्डिंग तक सीमित रह जाती है।

धनतेरस और दीपावली को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टीसी ने हल्द्वानी स्थित कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (सीसीआर) में सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था का निरीक्षण किया।



इस दौरान शहर के संवेदनशील, भीड़भाड़ वाले और प्रमुख स्थानों पर स्थापित 233 सक्रिय कैमरों की कार्यशीलता और लाइव फीड का बारीकी से परीक्षण किया गया। एसएसपी ने एसपी संचार रेवाधर मठपाल को निर्देश दिए कि सीसीआर में निगरानी व्यवस्था पूरी तरह सक्रिय रखी जाए। सभी कैमरों की नियमित मॉनिटरिंग हो और अधीनस्थ कर्मचारियों को निगरानी के साथ व्यवस्था का स्वयं भी पर्यवेक्षण किया जाए।

कैमरों के साथ ड्रोन भी रखेगा नजर: त्योहारों भीड़ को देखते हुए प्रमुख बाजारों, चौराहों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और संवेदनशील स्थानों पर लगातार निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

संदिग्ध दिखे तो थाना-चौकी को तत्काल सूचना: पुलिस ने निर्देश दिए हैं कि कैमरों में कोई संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, आपराधिक घटना या गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल संबंधित थाना और चौकी को सूचना दी जाए। इसके बाद आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

कांग्रेस ने एचएमटी रानीबाग में दिया धरना, बुलंद किया नारा

हमारी भूमि, हमारा अधिकार, कांग्रेस की यही है पुकार

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर गुरुवार को एचएमटी फैक्ट्री, रानीबाग के गेट नंबर-2 पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी जमीनों एवं ऐतिहासिक धरोहरों को निजी हाथों में सौंपने की कथित नीति के विरोध में विशाल धरना-प्रदर्शन किया।

इस दौरान कांग्रेसजनों ने प्रदेश की सरकारी संपत्तियों एवं भूमि को बचाने का संकल्प लिया और हमारी भूमि, हमारा अधिकार, कांग्रेस की यही है पुकार का नारा बुलंद किया। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि हल्द्वानी कुमाऊँ का प्रवेश द्वार है और दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुमाऊँ की सरकारी संपत्तियों को निजी हाथों में सौंपने की शुरुआत भी यहीं से हो रही है। एचएमटी रानीबाग का घड़ी कारखाना कभी हजारों परिवारों की आजीविका का आधार था। कांग्रेस सरकार की मंशा थी कि इस जमीन पर नए उद्योग स्थापित हों, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल सके। लेकिन वर्तमान सरकार रोजगार देने वाले उद्योगों के बजाय यहां होटल स्थापित करने की तैयारी कर रही है। नैनीताल रोपवे के लिए पांच एकड़ जमीन छोड़कर शेष 53 एकड़ भूमि यूआईआईडीबी के माध्यम से निजी हाथों में सौंपने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि जिस जमीन पर उद्योग लगने चाहिए थे, वहां होटल बनाने की योजना हल्द्वानी और आसपास के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि उत्तराखंड की जमीन और प्राकृतिक संसाधन प्रदेश की जनता की अमूल्य धरोहर हैं। भाजपा सरकार सरकारी जमीनों को निजी हाथों में सौंपकर प्रदेश के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। सरकार को बताना चाहिए कि जब प्रदेश के बेरोजगार युवा रोजगार मांग रहे हैं, भूमिहीन परिवार आवास के लिए संघर्ष कर रहे हैं और विकास कार्यों के लिए जमीन उपलब्ध नहीं है, तो फिर इतनी बड़ी मात्रा में सरकारी जमीनें निजी संस्थानों को किस उद्देश्य से दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता की जमीन और प्रदेश की अस्मिता की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी।

स्मार्ट मीटर का ऐसा झटका, एक महीने का बिजली बिल 65 लाख पार

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

बिजली का बिल आया या लाखों का आर्थिक झटका लगा। हल्द्वानी की मटर गली स्थित सुपर मार्केट में स्मार्ट मीटर लगने के बाद एक व्यापारी को करीब एक महीने का बिजली बिल 65 लाख रुपये से अधिक थमा दिया गया। 'जस्सी दी लस्सी' दुकान के संचालक जसवीर सिंह के परिवार के होश बिल देखते ही उड़ गए। व्यापारी ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार हर तरफ से जनता को लूटकर अपनी जेब भर रही है। हैरानी की बात यह है कि इतनी बड़ी रकम का बिल यूपीसीएल की आधिकारिक वेबसाइट पर भी दर्ज दिखाई दे रहा है।

जसवीर सिंह के बेटे जसपाल सिंह ने बुधवार सुबह मटर गली व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली को फोन कर मामले की जानकारी दी। परिवार का कहना है कि अब तक सभी बिजली बिल समय पर जमा किए जाते रहे हैं, लेकिन स्मार्ट मीटर लगने के बाद अचानक लाखों का बिल सामने आ गया। ऑनलाइन विवरण के अनुसार, 4 नवंबर 2026 को जारी बिल 65,40,811 रुपये का है, जिसकी भुगतान की अंतिम तारीख 19 नवंबर निर्धारित है। सरकारी वेबसाइट पर भी इतनी बड़ी रकम दर्ज होने से मामला और गंभीर हो गया है।

विभाग से संपर्क की कोशिश, व्यापारी एसोसिएशन में आक्रोश

मामले की जानकारी मिलते ही व्यापारी एसोसिएशन अध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली ने विद्युत विभाग के जेई साकेब से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं हो सकी। इसके बाद अध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली और महामंत्री अतुल कुमार गुप्ता ने महाप्रबंधक, एसडीओ और कनिष्ठ अभियंता से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। एसोसिएशन ने स्मार्ट मीटर की उच्चस्तरीय जांच कराने और बिल की गड़बड़ी दूर कर संशोधित बिल जारी करने की मांग उठाई है।

पहले भी सामने आ चुका है लाखों का बिल

हल्द्वानी में बिजली बिल की ऐसी गड़बड़ी का यह पहला मामला नहीं है। अप्रैल 2025 में छड़ायल क्षेत्र के एक उपभोक्ता को 46.60 लाख रुपये का बिल मिला था। जांच में पुराने मीटर की एलईडी में खराबी सामने आई और बाद में बिल संशोधित कर महज 330 रुपये कर दिया गया था। अब मटर गली के व्यापारी को 65 लाख रुपये से अधिक का बिल मिलने से स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली और बिजली विभाग की बिलिंग व्यवस्था पर फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

बाजपुर में ही मिल रहा हेपेटाइटिस बी-सी का उपचार

बाजपुर। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. सौरभ परमार ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर हेपेटाइटिस बी और सी के इलाज व दवाई उपलब्ध कराने की मांग की थी। इस पर तत्कालीन सीएमओ डॉ. केके अग्रवाल के प्रयास से क्षेत्र में मरीजों को हेपेटाइटिस बी और सी का उपचार मिलना शुरू हो गया है। इससे पहले संबंधित रोगियों को काशीपुर और रुद्रपुर अस्पताल जाना पड़ता था।

लालकुआं-काठगोदाम हाईवे पर पांच यू-टर्न होंगे सुरक्षित

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

लालकुआं से काठगोदाम तक हाईवे पर लगातार हो रहे हादसों और दस से अधिक लोगों की मौत के बाद अब एनएचएआई ने दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने की कवायद शुरू की है। हाईवे पर मौत का सबब बन रहे अवैध कट बंद होंगे, वहीं पांच प्रमुख यू-टर्न पर शेल्टर लेन विकसित कर वाहनों को सुरक्षित मोड़ देने की व्यवस्था की जाएगी। एनएचएआई शनि बाजार, हल्दूचौड़, मोटाहल्दू और महालक्ष्मी मंदिर समेत पांच स्थानों पर यू-टर्न को सुरक्षित बनाने के लिए शेल्टर लेन तैयार करेगा। इससे यू-टर्न लेने वाले वाहन मुख्य हाईवे पर अचानक नहीं रुकेंगे और पीछे से आने वाले वाहनों की टक्कर का खतरा कम होगा। हादसों की आशंका वाले दस से अधिक कट चिह्नित किए गए हैं। इन्हें बंद कर यातायात व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। इसके अलावा शनि बाजार-गौलापार लिंक मार्ग को हाईवे से जोड़ने वाले जंक्शन के सुधार का काम भी शुरू हो गया है। एनएचएआई के परियोजना निदेशक अंचल जिंदल ने बताया कि लालकुआं से हल्द्वानी के बीच हादसे रोकने के लिए यू-टर्न पर शेल्टर लेन विकसित की जा रही है। इससे वाहन सुरक्षित तरीके से यू-टर्न ले सकेंगे। कुछ अवैध कट बंद करने की योजना पर भी काम शुरू कर दिया गया है।

नैनीताल पुलिस ने 55 लाख के खोए मोबाइल फोन बरामद किए

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

मोबाइल चोरी और गुम होने की शिकायतों के बीच नैनीताल पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए सैकड़ों लोगों की उम्मीदों को हकीकत में बदल दिया। पुलिस की मोबाइल रिकवरी टीम ने सात राज्यों के विभिन्न शहरों में तलाश कर 250 मोबाइल फोन बरामद किए।

करीब 55 लाख 25 हजार रुपये कीमत के इन मोबाइलों को उनके असली मालिकों के सुपुर्द कर दिया गया। वर्षों की नहीं, बल्कि महीनों की तलाश के बाद खोया फोन वापस मिलने पर फरियादियों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने नैनीताल पुलिस का आभार जताया। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने मोबाइल फोन बरामदगी के लिए गठित जनपद



स्तरीय मोबाइल ऐप सेल को सख्त निर्देश दिए थे। एसपी हरबंस सिंह के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन/हल्द्वानी रविकान्त सेमवाल के पर्यवेक्षण तथा मोबाइल ऐप (साइबर सेल) प्रभारी उपनिरीक्षक मीनू गौतम के नेतृत्व में टीम ने शिकायतकर्ताओं के प्रार्थना पत्रों के आधार पर कार्रवाई शुरू की। जुलाई से 4 नवंबर तक शिकायतों में दर्ज मोबाइलों के आईएमईआई नंबर सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से ट्रैक किए गए। तकनीकी जानकारी और लगातार प्रयासों के आधार पर पुलिस ने उत्तर प्रदेश के लखनऊ, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत और शाहजहांपुर के अलावा पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, राजस्थान, दिल्ली तथा उत्तराखंड के विभिन्न जनपदों से मोबाइल फोन बरामद किए।

आईफोन से लेकर रेडमी तक, 250 फोन बरामद: पुलिस के अनुसार बरामद मोबाइलों में आईफोन, सैमसंग, ओप्पो, वनप्लस, रियलमी, वीवो, मोटोरोला, नोकिया, इनफिनिक्स, रेडमी, पोको, आईक्यू, टेक्नो और आईटेल जैसे ब्रांड शामिल हैं।

मोबाइल रिकवरी टीम को मिलेगा नकद इनाम: खोए मोबाइल वापस मिलने पर शिकायतकर्ताओं ने एसएसपी नैनीताल और पुलिस टीम का आभार जताया। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने मोबाइल रिकवरी टीम के सराहनीय कार्य पर 2500 रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की।

पुलिस टीम: उपनिरीक्षक मीनू गौतम, कॉन्स्टेबल किशन सिंह कुंवर और कांस्टेबल रामचन्द्र प्रजापति।